4 निर्णय लेना और समस्या समाधान
(Decision Making and Problem Solving)

निम्नलिखित 6 (छह) प्रश्नांशों के लिये निर्देश: *नीचे छह प्रश्नांश दिये गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश में एक स्थिति का वर्णन है, जिसके पश्चात् उसके चार संभव उत्तर दिये गए हैं। जिस उत्तर को आप सर्वाधिक उपयुक्त मानते हैं, उसे आप अपने उत्तर के रूप में अंकित कीजिये। प्रत्येक प्रश्नांश के लिये केवल एक ही उत्तर चुनिये। उत्तरों का मूल्यांकन, दी गई स्थिति के लिये उपयुक्तता के स्तर के आधार पर किया जाएगा।*

कृपया सभी प्रश्नांशों के उत्तर दीजिये। इन छह प्रश्नांशों के लिये गलत उत्तरों के लिये कोई दंड नहीं है। ***UPSC-2013***

54. आप कार्यालयाध्यक्ष हैं। कुछ मकान कार्यालय कर्मियों को आवंटित करने के लिये सुरक्षित रखे गए हैं और आपको इस मामले में विवेकाधिकार प्राप्त है। मकानों के आवंटन के लिये कुछ नियम आपके द्वारा बनाए गए हैं और उन्हें सार्वजनिक कर दिया गया है। आपका निजी सचिव, जो आपके बहुत निकट है, आपके पास आता है और पैरवी करता है कि उसके पिता गंभीर रूप से बीमार हैं, अत: उसे मकान के आवंटन में प्राथमिकता दी जानी चाहिये। कार्यालय सचिवालय नियमानुसार इस प्रार्थना का परीक्षण कर उसके अनुरोध को ठुकरा देता है और नियमानुसार प्रक्रिया अपनाने की संस्तुति करता है। आप अपने निजी सचिव को नाराज नहीं करना चाहते। इन परिस्थितियों में आप क्या करेंगे?
    (a) उसे अपने कमरे में बुलाएंगे और व्यक्तिगत रूप से स्पष्ट करेंगे कि आवंटन क्यों नहीं किया जा सकता।
    (b) उसकी वफादारी जीतने के लिये उसे मकान आवंटित कर देंगे।
    (c) यह सिद्ध करने के लिये कि आप निष्पक्ष हैं और आप किसी के साथ पक्षपात नहीं करते, कार्यालय टिप्पणी से सहमति व्यक्त करेंगे।
    (d) फाइल अपने पास पड़े रहने देंगे और कोई आदेश नहीं देंगे।

55. दिल्ली में पंजीकृत व्यावसायिक टैक्सी से (दूसरे राज्य के) करीबी शहर की ओर जाते हुए, आपका टैक्सी चालक आपको बताता है कि चूँकि उसके पास उस शहर में टैक्सी चलाने का परमिट नहीं है अत: वह उसके परिवहन कार्यालय पर रूकेगा और चालीस रुपये प्रतिदिन का निर्धारित शुल्क अदा करेगा। काउंटर पर शुल्क अदा करते समय आप पाते हैं कि परिवहन लिपिक पचास रुपये अतिरिक्त वसूल रहा है जिसके लिये कोई रसीद नहीं दी जा रही है। आप अपनी बैठक के लिये जल्दी में हैं। इन परिस्थितियों में, आप क्या करेंगे?
    (a) काउंटर पर जाएंगे और लिपिक से वह धन वापस मांगेंगे जो उसने अवैध रूप से लिया है।
    (b) कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे क्योंकि यह मामला टैक्सी चालक और कर अधिकारियों के बीच का है।
    (c) घटना का संज्ञान लेंगे और बाद में संबंधित अधिकारियों से इसकी रिपोर्ट करेंगे।
    (d) इसे एक साधारण मामला समझेंगे और भूल जाएंगे।

56. एक व्यक्ति दूर-दराज के एक गाँव में रहता है जहाँ पहुँचने के लिये बस से लगभग दो घंटे लगते हैं। इस ग्रामीण का पड़ोसी बहुत ताकतवर भूस्वामी है जो इस गरीब ग्रामीण की जमीन जबर्दस्ती हथियाना चाहता है। आप जिला मजिस्ट्रेट हैं और स्थानीय मंत्री द्वारा बुलाई गई बैठक में व्यस्त हैं। ग्रामीण बस से और पैदल चलकर इतनी दूर से आपसे मिलने और उस ताकतवर भूस्वामी जमींदार से सुरक्षा हासिल कराने के लिये प्रार्थना-पत्र देने आया है। ग्रामीण सभा कक्ष के बाहर एक घंटे तक प्रतीक्षा करता रहा। आप बैठक से बाहर आते हैं और दूसरी बैठक के लिये जाने की शीघ्रता में हैं। ग्रामीण अपना प्रार्थना-पत्र देने के लिये आपके पीछे आने लगता है। आप क्या करेंगे?
    (a) उसे अगली बैठक से आपके लौटने तक दो घंटे और प्रतीक्षा करने के लिये कहेंगे।
    (b) उसे बताएँगे कि मामला वास्तव में एक कनिष्ठ अधिकारी द्वारा देखा जाना है अत: वह प्रार्थना-पत्र उसे दे दे।
    (c) अपने एक वरिष्ठ मातहत अधिकारी को बुलाकर निर्देश देंगे कि वह ग्रामीण की समस्या का हल निकाले।
    (d) उसका प्रार्थना-पत्र तेज़ी से लेकर उससे कुछ प्रासंगिक प्रश्न उसकी समस्या के बारे में पूछेंगे और बैठक के लिये चले जाएंगे।

57. जिस जिले में आप जिला मजिस्ट्रेट हैं वहाँ चीनी की किल्लत है। सरकार ने आदेश निकाला है कि वैवाहिक उत्सवों पर अधिकतम 30 किलो चीनी जारी की जा सकती है। आपके एक करीबी दोस्त के बेटे का विवाह होने वाला है और आपका मित्र अपने बेटे के विवाह के लिये कम से कम 50 किलो चीनी जारी करने का अनुरोध करता है। जब आप इस मामले में सरकारी नियंत्रण के बारे में बताते हैं तो वह नाराज़ हो जाता है। उसका विश्वास है कि चूँकि आप जिला मजिस्ट्रेट हैं आप कितनी भी मात्रा में चीनी जारी कर सकते हैं। आप उससे अपनी मित्रता नहीं बिगाड़ना चाहते। इन परिस्थितियों में, आप इस स्थिति से कैसे निपटेंगे?
    (a) उसे अतिरिक्त मात्रा में चीनी जारी कर देंगे जिसके लिये आपके मित्र ने अनुरोध किया है।
    (b) अपने मित्र को अतिरिक्त मात्रा में चीनी जारी न करके नियमों का सख्ती से पालन करेंगे।

(c) अपने मित्र को सरकारी आदेशों की प्रति दिखलाएंगे और उसे नियमानुसार चीनी की कम मात्रा स्वीकार करने के लिये तैयार करेंगे।
(d) उसे, आबंटन करने वाले अधिकारी को सीधे प्रार्थना-पत्र देने की सलाह देंगे और सूचित करेंगे कि आप ऐसे मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते।

58. आप एक ऐसे क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम लागू करने के प्रभारी हैं, जहाँ वर्तमान नीति का कड़ा विरोध हो रहा है। आप निवासियों को छोटे परिवार रखने की आवश्यकता मनवाना चाहते हैं। इस संदेश को संप्रेषित करने का सर्वोत्तम तरीका क्या होगा?
(a) निवासियों को स्वास्थ्य और जीवन स्तर सुधारने हेतु परिवार नियोजन की आवश्यकता तर्कसंगत रूप से समझाना।
(b) देर से विवाह एवं बच्चों के बीच उचित अंतर को प्रोत्साहित करना।
(c) परिवार नियोजन युक्तियाँ अपनाने के लिये प्रोत्साहन प्रदान करना।
(d) ऐसे लोगों से, जिनका बंध्यकरण हो चुका है अथवा जो गर्भनिरोधक प्रयोग कर रहे हैं, निवासियों से प्रत्यक्षतः बात करने का आग्रह करना।